हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 जुलाई 2025


06 अवैध यूरिया का परिवहन कर रहे वाहन को कृषि ...



07 हजारों निवेशकों की डूबी रकम, सरकार से...




नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

## खबर संक्षेप

### सोमवार को शिव मंत्रों के उच्चारण से गुंजायमान रहे शिवालय



**नलखेड़ा।** सावन मास के तीसरे सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ अल सुबह से ही लग गई थी। भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किए गए तो इस दौरान भक्तों द्वारा भोले के भजनों की प्रस्तुति भी मंदिरों में दी गई। मंदिर परिसर ॐ नमः शिवाय हर हर महादेव के साथ शिव मंत्रों के उच्चारण से गुंजायमान हो रहे थे। नगर के प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर जालेश्वर महादेव मंदिर लालूखेड़ी इच्छापूर्ति महादेव मंदिर त्रयम्बकेश्वर महादेव मंदिर सहित कई शिव मंदिरों में श्रावण मास के सोमवार को भक्तो की भीड़ उमड़ी जहां उनके द्वारा भगवान भोलेनाथ को अतिप्रिय लगने वाली वस्तुएँ बिलपत्र धतूरा नैवेध पुष्प आदि अर्पण कर हल्दी व चंदन से पूजा कर घी के दीप प्रज्वलित किए गए। कईं भक्तो द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी किया गया।

### नाग पंचमी आज, होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन



**नलखेड़ा।** नगर का प्राचीन एवं चमत्कारी देवस्थान अलीजा बहादुर मंदिर में नाग पंचमी पर्व पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। पर्व को लेकर प्रतिमाओं का मनमोहक श्रृंगार किया गया है। नगर के भैसोदा मार्ग के समीप स्थित चमत्कारी स्थल अलीजा राज बहादुर खांडेराव महाराज देव स्थान जोकि नगर का एकमात्र नाग मंदिर है। जहां नाग पंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन चल रहे है। देवस्थान के सेवक बालचंद राठौर ने बताया कि सोमवार को मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान हुआ। रविवार को अभिषेक का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। आज मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर मंदिर में स्थापित नाग देवता के साथ ही अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन होगा। महाआरती के पश्चयात महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा। नाग पंचमी के मौके पर यहाँ दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहेगा। नगर के मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला में अन्य देवी देवताओं के साथ भगवान नागचंद्रेश्वर की प्रतिमा भी स्थापित है। जहाँ आज मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### समाजजनों के घरों पर सामूहिक नमस्कार महामंत्र जाप का चल रहा कार्यक्रम

# नवकार महामंत्र मंगल कलश की शहर में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा है। लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप प्रतिदिन चल रहा है। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा। जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.प्र.म. चंद्रप्रभा श्री जी म.सा.की सुशिष्या रत्न निधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा- 05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है।

सोमवार को नवकार मंगल कलश राकेश कुमार गेंदमल काठेड़ परिवार के यहां प्रवचन उपरांत जैन आराधना भवन से गाजे बाजे के साथ ले जाया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ महिलाओं ने भाग लिया। इसके पूर्व साध्वीजी द्वारा मंगल कलश का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा जायसवाल कालोनी स्थित श्री काठेड़ के निवास स्थान पहुंची जहां पर मंगल कलश की स्थापना की गई। प्रभावना का वितरण किया गया। रात्रि 8 से 9 बजे तक सामूहिक नवकार जाप हुए।

### नवकार मंत्र संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र हैः रत्न निधि मसा



समाज में चल रही इस 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश यात्रा को लेकर रत्न निधि म.सा. ने कहाकि नमस्कार महामंत्र केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है। यहां प्रेम, शांति और अहिंसा का संदेश देता है। जिसे आज के युग में सभी को अपनाने की आवश्यकता है। नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह मंत्र सकारात्मक ऊर्जा, शांति और विश्व कल्याण का प्रतीक है। नलखेड़ा नगर की धरा पर भी इस अनुष्ठान को करवाने का अभिप्राय विश्व शांति, जन कल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ करवाया जा रहा है। नवकार महामंत्र कलश यात्रा के दौरान नगर का वातावरण भी धर्म मय बना हुआ है। वही घर-घर में हो रहे नवकार जाप के चलते लाभार्थी परिवारों के घरों पर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है।

# शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़ गूंजे हर हर महादेव के जयकारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

श्रावण माह के चलते नगर के विभिन्न शिव मंदिर ओर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है कोई शिव को जलाभिषेक एवं अनुष्ठान से तो कोई शिव आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। नगर के मंदिरों में शिव भजन से परिसर गूंज रहे। वहीं पुराना बस स्टैंड स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है जिसमें पूरे भक्ति भाव से श्रद्धालु दिन रात रामायण पाठ कर रहे हैं। श्रावण सोमवार को भूतेश्वर महादेव का किया हरि हर स्वरूप श्रंगार नगर से 2 किलो किलोमीटर दूर प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शिव पहाड़ी पर विराजे प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा भूतेश्वर महादेव का सोमवार को हरी हर स्वरूप में मनमोहक श्रंगार किया गया तथा भक्त मंडल द्वारा 2 क्विंटल खीचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को बाबा भूतेश्वर महादेव के दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### कनीराम यादव बने जिलाध्यक्ष



**नलखेड़ा।** आगर मालवा जिले के वरिष्ठ पत्रकार कनीराम यादव को भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) ने आगर मालवा जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संघ के राष्ट्रीय संयोजक निर्मल सोलंकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन ओर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने पत्र जारी करते हुवे विश्वास जताया कि कनीराम यादव संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सतत प्रयास करेंगे। कनीराम यादव के पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर जिले के पत्रकारों में उल्लास है। यादव को इस नियुक्ति पर पत्रकारों ओर इष्ठ मित्रो ने बधाई दी।

# गोकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति अभियान की दिशा में एक प्रभावशाली पहल करते हुए गोकुल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा नगर के विभिन्न विभागों में पहुंचकर नशा मुक्ति अभियान के पोस्टरों का प्रदर्शन कर पौधों का वितरण किया गया। गोकुल पब्लिक स्कूल की संचालिका सुनीता जायसवाल ने बताया कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ एवं ₹नशा मुक्ति अभियान₹ केवल आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है। जहाँ एक ओर हम माँ के सम्मान में एक हरित उपहार देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हम समाज को नशे के अंधकार से बाहर निकालने का संकल्प भी ले रहे हैं। इस पुनीत प्रयास को सफल बनाने के लिए विद्यालय के छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा नगर के विभिन्न विभाग को जिसमें सिविल हॉस्पिटल नलखेड़ा, पुलिस थाना नलखेड़ा,जनपद शिक्षा केंद्र, नगर परिषद नलखेड़ा आदि स्थानों पर पहुंचकर नशे से दूरी है जरूरी के पोस्टरों का प्रदर्शन कर पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर गोकुल पब्लिक स्कूल जायसवाल कॉलोनी के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे।





### डबल्स बैडमिंटन व शंतरज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नलखेड़ा।** मां पीतांबरा क्लब नलखेड़ा के तत्वधान में रेन बसेरा स्थित हॉल में डबल्स बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक मां बगलामुखी मंदिर मुख्य पुजारी दिनेश अस्तावत, समाजसेवी लखन गुर्जर, अजय गायरी एवं सहयोगी थे। प्रतियोगिता में डबल्स बैडमिंटन विजेता कार्तिक पाटीदार एव निकुंज पाटीदार रहे व उपविजेता अभिषेक त्रिवेद्धी व समीर मंसूरी रहे। अन्डर 15 में विजेता तनिषा व धैर्या खण्डेलवाल एवं उपविजेता आर्यन सोनी व मित सिंघवी रहे। शंतरज में विजेता प्राजल जोशी एवं उपविजेता आर्यल सोनी रहे। विजेता व उपविजेताओं को आयोजकों द्वारा पुरुस्कार प्रदान किए गए।

### जगह-जगह पर भक्तों द्वारा की गई पूजन-अर्चना

# गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की सवारी धूमधाम से निकाली गई






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की पहली सवारी सोमवार को बड़े ही धूमधाम से नगर में निकली गई। सवारी में फूलों से सुसज्जित पालकी में भगवान भोलेनाथ को दूल्हे के रूप में विराजित कर नगर भ्रमण हेतू निकाला गया। सवारी में भजन मण्ड़लियां शिव भजनों पर आधारित प्रस्तुतियां दे रही थी। गुप्तेश्वर मंदिर से सायं 4 बजे भगवान भोलेनाथ की आरती उपरांत सवारी का चल समारोह प्रारंभ हुआ जो किला रोड़ स्थित पुरानी तहसील पर पहुचा। यहां से सवारी सावलिया नाथ मंदिर, अशोक मार्ग स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुँची। यहाँ से सवारी चौक बाजार, बडागणपति, पुलिस थाने के सामने से होता हुआ छापीहेडा रोड से मॉ बगलामुखी मंदिर पहुंचा जहां मां के दरबार में शिव का स्वागत हुआ। सवारी मार्ग पर भगवान भोलेनाथ का उनके भक्तों द्वारा पूजन- अर्चन कर अगवानी की गई। गुप्तेश्वर मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान शिव की पांच सवारी नगर में निकाली जाती है जिसमें श्रावण मास में तीन तथा भादव मास में दो सवारी निकाली जाती है। अंतिम सवारी शाही सवारी के रूप में नगर भ्रमण करेगी।

### जालेश्वर महादेव मंदिर पर भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार



**नलखेड़ा।** पवित्र सावन मास के चलते तहसील के ग्राम लालू खेड़ी में स्थित श्री जालेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का मनमोहक व मनोहरी श्रृंगार अमित तातेड नलखेड़ा वालों के द्वारा कराया गया। जिसे निहारने के लिए बड़ी संख्या में शिव भक्त मंदिर पहुंचे।

# अभियान के तहत नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़


मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत नगर परिषद कानड़ में सोमवार को थाना प्रभारी राजकुमार दांगी द्वारा नगर परिषद परिसर में नशे के से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में कर्मचारी एवं अधिकारीयों को को बताते हुए नशे से दूर रहने और नशा न करने की शपथ दिलाई गई साथ ही अपने आसपास, परिवार जन और अन्य सामाजिक स्तर पर भी लोगों को नशे से दूर रहने को प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव सिंह चौहान साहित परिषद के अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी अपस्थित रहे।

### चातुर्मास में बह रही है प्रतिदिन धर्म की गंगा, भक्तों की उमड़ी रही भीड़

# 'पुण्य न हो तो रत्न भी अंगारे लगते व सोना भी मिट्टी बन जाता है'

पश्चिमी सभ्यता व मोबाइल के माध्यम से हमारे बच्चे भटक रहे है। विज्ञान उन्नति कर रहा है सब प्रसन्न हो रहा थे, लेकिन अब विज्ञान के दुष्परिणाम सामने आने लगे है। हमारी प्राचीन संस्कृति का ह्रास आज मोबाइल के द्वारा हो रहा है। अहंकार मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है। पुण्य न हो तो रत्न भी अंगारे लगते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा।





सोना भी मिट्टी बन जाता है। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही मुनि श्री ने कहाकि आज विज्ञान ने सभी लोगों को एक कक्ष में बंद कर दिया है। सबके हाथ में आज टच वाला मोबाइल दिखाई देता है। यह वर्तमान की उपलब्धियां हमारे परिवार को पतन के गर्त में ले जा रही है। हमारी प्राचीन संस्कृति का ह्रास आज मोबाइल के द्वारा हो रहा है। मुनिश्री ने कहा कि भाग्य के बिना पुरुषार्थ नहीं, पुरुषार्थ के बिना भाग्य नहीं। अगर भाग्य में होगा तो भोजन बिना हाथ के मुंह में आ जायेगा। लेकिन ऐसा होता नहीं इसके लिए पुरुषार्थ करना पड़ेगा। जीवन भाग्य और पुरुषार्थ दोनों से चलता है। उन्होंने कहा कि अकृत्य पुण्य के कारण एक जीव मंदिर का निर्मात्य ग्रहण करता था। इसलिए उसके अशुभ कर्म का उदय हुआ और उसका धन नष्ट हो गया। यहां तक की खाने तक के लाले पड़ गए। मुनि श्री ने कहा कि पुण्य न हो तो रत्न भी अंगारे लगते हैं। सोना भी मिट्टी बन जाता है। पाप कर्म के कारण भिक्षा में मिलने वाला अनाज भी पोटली में छेद होने से सारा बिखर जाता है। मुनिराज के आहार दान का फल बताते हुए कहाकि मुनि श्री के चौके में चक्रवर्ती की सेना भी भोजन कर सकती है। यहां आहार दान का फल होता है। उन्होंने कहाकि धर्म कर्म नहीं छोड़ना चाहिए। धर्म करते रहे चाहे उसकी उपलब्धि तत्काल न दिखे लेकिन भविष्य में उसकी उपलब्धि दृष्टिगोचर होती है। मुनिश्री ने कहाकि अहंकार ही जीवन को ऊंचाई से नीचे लाता है। जैसे बाँस अकड़ कर खड़ा रहता है और वहां घास से बोलता है कि तुम कैसे नीचे पड़े रहते हो उसी समय तेज तूफान से बाँस टूट कर नीचे जमीन पर आ जाता है। घास अपनी स्थिति में ही खड़ी रही इसीलिए इतना अभिमान नहीं करना चाहिए। बाँस अकड़ कर खड़ा था इसलिए धाराशायी हो जाता है। जाति, ज्ञान, पूजा, कुल, बल, तप, शरीर, रिद्धि का अहंकार मनुष्य को नहीं करना चाहिए। जहां सरल स्वभाव होता है, वही जीवन को ऊंचा उठाती है। अहंकार पतन की ओर ले जाता है। मुनि श्री ने कहा कि वर्तमान की बेटियों में विवेक शून्य हो सकता है। इसलिए बेटियों को अपने धर्म व परिवार की सहमति से ही विवाह करना चाहिए। पश्चिमी सभ्यता व मोबाइल के माध्यम से हमारे बच्चे भटक रहे हैं विज्ञान उन्नति कर रहा है, सब प्रसन्न हो रहे थे लेकिन अब विज्ञान के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। मुनि श्री ने कहा कि व्यसन मुक्त जीवन हमें जीना चाहिए। सम्यक प्रकार का जीवन जीना चाहिए। श्रावक से श्रमण और श्रमण से श्रवणोत्तम भी आप बन सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## 11 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण सम्पन्न

**देवास।** बाबा महाकाल के पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का भव्य आयोजन संस्था हेल्पिंग हैंड्स सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा सम्पन्न कराया गया। आयोजक शुभम विजयवर्गीय ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 10वें वर्ष भी श्रावण मास पर कैलामाता मंदिर के सामने स्थित गोकुलधाम गार्डन में लगभग 1100 से अधिक भक्तों ने मिलकर 11 हजार पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का धार्मिक अनुष्ठान कर धर्मलाभ लिया। पाँच घंटे तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में शिवलिंग निर्माण के साथ हवन, अभिषेक, भजन भी हुए. कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने मिलकर शुद्ध काली मिट्टी से 11 हजार शिवलिंग का निर्माण किया। शिवलिंग निर्माण पश्चात पंचामृत से अभिषेक किया गया। शिवलिंग निर्माण के लिए पूरी व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई थी। इस दौरान 108 बार ऊँ नमः शिवाय का जप भी भक्तों द्वारा किया गया। कार्यक्रम पश्चात भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। पार्थिव शिवलिंग निर्माण में संस्था के सदस्य अजय विजयवर्गीय, यश दूबे, धीरेंद्र सिंह, महेश चौहान, भूपेन्द्र मौर्य, अनिल चौहान, सोनू पंजाबी, विजय कटेसरिया, नेहा शर्मा, मनीष रायकवार, हर्ष पवार, दिवाकर राजपूत, पुष्पेंद्र पटेल, तुषार पाटिल, मोंटी जाधव आदि उपस्थित रहे।

## ग्यारहवीं जिला स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप हुई संपन्न

**देवास।** देवास जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ग्यारहवीं जिला स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ। सचिव अभय श्रीवास ने बताया कि ग्यारहवीं जिला स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में देवास जिले के 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख, विशेष अतिथि अजय श्रीवास, उत्कर्ष विद्यालय के एन.एन.सी.अधिकारी रामकुमार कुशवाहा ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र ओर मेडल देकर सम्मानित किया।

### वाहन चालक 70 बोरी यूरिया भर कर ले जा रहा था बड़वानी

# अवैध यूरिया का परिवहन कर रहे वाहन को कृषि विभाग के अधिकारियों ने पकड़ा

वाहन को रुकवाने पर वाहन चालक द्वारा जब कृषि अधिकारीयो को संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



अवैध रूप से यूरिया का परिवहन कर रहे पिकअप वाहन को कृषि विभाग ने जब्त किया हैं। मुखबिर की सूचना पर कृषि विभाग की कार्यवाही रविवार रात को की गई। रात्रि को लगभग 12:00 के दरमियान मुखबिर द्वारा कृषि विभाग के अधिकारी को सूचना दी गई की एक पिकअप वाहन फंदा से यूरिया खाद भरकर बड़वानी जा रहा है जो अवैध रूप से ले जाया जा रहा है जिस पर नेवरी फाटे के पास इस वाहन को कृषि विभाग द्वारा रुकवाया गया। वाहन को रुकवाने पर वाहन चालक द्वारा जब कृषि अधिकारीयो को संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो कृषि विभाग द्वारा अपने उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया। उच्च अधिकारियों से रात्रि को संपर्क नहीं होने पर इस वाहन को नेवरी फाटा पुलिस चौकी पर खड़ा करवा दिया गया। उक्त वाहन मे 70 बोरी यूरिया खाद भरा हुआ,था उक्त वाहन को सोमवार सुबह भौरासा थाने लाया गया, जहां पर कृषि अधिकारी द्वारा वाहन चालक के खिलाफ अवैध रूप से यूरिया परिवहन करने के चलते एफआईआर दर्ज कराई गई है। वही इस वाहन चालक के पास इस गाड़ी में भरी यूरिया के बिल या कोई अन्य कागज उपलब्ध नहीं पाए गए। कृषि अधिकारी द्वारा जप्त वाहन पिकअप क्रमांक एमपी 46 जेडडी 3653 जिसमें 70 बोरी यूरिया खाद की भरी हुई थी प्रत्येक बोरी 45 किलो की बताई जा रही है। वाहन चालक हरिराम धनगर पिता डोंगर धनगर निवासी भैंसावाद तहसील कसरावद जिला खरगोन के विरुद्ध भौरासा थाने मे कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 27 जुलाई की रात्रि को मुखबिर द्वारा रात्रि 12:00 के दरमियान सूचना दी की गई की एक पिकअप वाहन अवैध रूप से इफको यूरिया का परिवहन किया जा रहा है तो सुचना प्राप्त होते ही दिनेश परमार कृषि विकास अधिकारी जिला देवास द्वारा नेवरी फाटे के पास गाड़ी को खड़ा करवाया गया एवं रात्रि में वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया इसलिए सुबह वहां पहुंचकर वाहन चालक हरिराम धनगर पिता डोंगर धनगर निवासी भैंसावद तहसील कसरावद जिला खरगोन से पूछताछ करने पर उसके द्वारा इफको यूरिया बैच नंबर 04 उर्वरक परिवहन से संबंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने के कारण एवं उर्वरक कहां से लेकर आए हैं ओर कहां लेकर जा रहा है इसका भी संतोषजनक जवाब नहीं देने दिया गया जिससे प्रतीत होता है कि उर्वरक का परिवहन कालाबाजारी के उद्देश्य से किया जा रहा है यूरिया का नमूना भी लिया गया है जिसकी कंपनी इफको लिमिटेड है। इस प्रकार आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का धारा 3,7 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 5,7,8 एवं 35 का उलंघन सिद्ध होने से वाहन चालक हरिराम धनगर पिता डोंगर धनगर निवासी भैंसावद तहसील कसरावद जिला खरगोन के विरुद्ध कार्रवाई की गई।यह अधिकारी पहुंचे मौके पर तुलसीराम परिहार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सोनकच्छ, गोपेश पाठक सहायक संचालक कृषि, लोकेश गंगराड़े कृषि विकास अधिकारी, दिनेश परमार जिला उर्वरक निरीक्षक देवास, ने भौंरासा थाने पर पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।






# दंगा फसाद करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

मधुमिलन चौराहा पर की थी मारपीट



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने विनायक साँची पार्लर मधुमिलन चौराहा पर दंगा फ़साद करने वाले अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार किया।आरोपियों ने विनायक साँची पार्लर मधुमिलन चौराहा पर मारपीट एवं तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर दो मोटरसाइकिल व डंडे ज़ब्त किए। 20 जुलाई को थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी विनायक सांची पार्लर नामक दुकान मधुमिलन चौराहा देवास पर स्थित है। शाम करीब 7:30 बजे एक व्यक्ति दुकान के सामने सार्वजनिक स्थल पर पेशाब कर रहा था जिसे मना करने पर वह ग़ुस्से में चला गया और कुछ देर बाद अपने 7-8 साथियों के साथ लौटकर दुकान में घुस आया। सभी ने मिलकर फरियादी व पुत्र मुदित के साथ मारपीट की। अश्लील गालियां दीं, डंडों से हमला किया तथा दुकान में तोड़फोड़ की। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 650/2025 अंतर्गत धारा 296, 331(6), 115(2), 351(3), 324(4), 191(2), 191(3), 3(5) बी.एन.एस. 2023 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए इंचार्ज थाना प्रभारी उनि प्रवीण सिंह राठौर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । टीम द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत घटनास्थल के आसपास लगे 50 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों की जाँच कर अज्ञात आरोपियों की पहचान की गई। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर शनिवार को छह आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों मे पीयूष पिता सुनील राठौर, सावन उर्फ कालू पिता शांतिलाल रोमड़े दीपक पिता भादर सिंह मालवीय, जय उर्फ नाना पिता नेपाल सिंह राठौर, दीपक उर्फ चिग्गी पिता शोभाराम मोरे औरविकास उर्फ मोंटी पिता छोटे लाल लोधी के नाम शामिल हैं। उक्त सराहनीय कार्य में इंचार्ज थाना प्रभारी उनि प्रवीण सिंह राठौर, प्रआर विष्णु दांगी,आर अजय जाट, सैनिक तेजसिंह मण्डलोई, महेश पाँचाल(थाना सिविल लाइन) एवं प्रआर. सचिन चौहान साइबर सेल देवास की सराहनीय भूमिका रही।

## चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**चापडा।** सावन माह के तीसरे सोमवार को रिमझिम बारिश के बीच में चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई, जहां पर महादेव का पूजन कर महिलाओं द्वारा कावड़ का आयोजन किया गया। बता दे की सावन माह के तीसरे सोमवार को क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं सुबह से ही चन्द्रकेश्वर पहुंचने लगी थी।जहां पर भजन कीर्तन कर कुंड में स्नान कर महादेव का पूजन किया। राजेश चौहान ने बताया कि सावन माह का तीसरा सोमवार होने के कारण यहां पर भीड़ अधिक देखी गई है, और बड़ी संख्या में क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र से यहां पर महिलाएं पहुंची और सभी ने अलग-अलग ग्रुपों में जल भरकर कावड़ का आयोजन किया। इस दौरान नेवरी की महिलाओं द्वारा भी चन्द्रकेश्वर से नेवरी तक पैदल कावड़ का आयोजन किया। साथ ही चापडा ,अमरपुरा सहित आसपास के गांव की महिलाओं द्वारा भी चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल से जल भरकर अपने-अपने गांव तक कावड़ का आयोजन किया। इस दौरान ग्राम पोलाय, मातमोर, बेडामऊ, चापड़ा अन्य स्थानों पर कांवड़िया महिलाओं का स्वागत किया गया।

## थाना बागली पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**बागली।** थाना बागली पुलिस के द्वारा एक्सीडेंट संबंधी प्रकरण में 12 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी दिनेश पिता चेनाजी बेलदार उम्र 39 साल निवासी पितावली को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी प्रदीप राय ने बताया कि आरोपी दिनेश पिता चेनाजी बेलदार उम्र 39 साल निवासी पितावली लगभग 12 वर्षों से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी बागली प्रदीप राय व्दारा ऑपरेशन हवालात के तहत गठित टीम के सहयोग से सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# ग्राम बड़ी चुरलाई में हुई कृषक सभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम बड़ी चुरलाई में नैनो क्लस्टर अंतर्गत कृषक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम डॉ. ओमशरण तिवारी वरिष्ठ प्रबंधन विपणन इफको भोपाल, परमानंद सेन वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, ज्योति शुक्ला प्रक्षेत्र प्रतिनिधि इफको भोपाल एवं जगपाल सिंह सिकरवार डायरेक्टर गुरु गंगदास एफ पी ओ बड़ी चुरलाई की उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. ओम शरण तिवारी ने किसानों को जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा एवं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। रासायनिक उर्वरकों के कुप्रभाव को कम करने के लिए कृषको को जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक का उपयोग करना चाहिए। इससे खेती की लागत कम होगी एवं मृदा व मानव स्वास्थ्य बना रहेगा। परमानंद सेन वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी देवास ने उद्यानिकी विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे में कृषकों को जानकारी दी। राजेश पाटीदार उप क्षेत्र प्रबंधक इफको देवास ने मृदा के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारणों की विस्तार से जानकारी दी एवं मृदा स्वास्थ्य सुधार हेतु नरवाई प्रबंधन, संतुलित रासायनिक उर्वरक उपयोग, जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी।श्रीमती ज्योति शुक्ला प्रक्षेत्र प्रतिनिधि इफको भोपाल ने रासायनिक उर्वरकों के मृदा स्वास्थ्य एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावो की जानकारी दी एवं नैनो कलेक्टर ग्रामों मे इफको द्वारा ड्रोन से स्प्रे एवं नैनो उर्वरको के क्रय पर कृषकों को दिये जा रहे अनुदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के पश्चात सभी कृषकों को नैनो डीएपी प्रदर्शन दिखाया गया।

# विद्युत कंपनियों के जूनियर इंजिनियरों ने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रविवार को पूरे प्रदेश के बिजली के जूनियर इंजिनियर प्रदेश की छह बिजली कंपनियों के मुख्यालय इन्दौर, भोपाल, जबलपुर में 7 सूत्री मांगों को लेकर दिन भर ध्यानाकर्षण प्रदर्शन किया, जिसमें पूरे प्रदेश के लगभग 2000 जूनियर इंजिनियरो ने भाग लिया।

यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपदी अभियंता संघ के बैनर तले किया गया।प्रदर्शन के दौरान संघ के प्रांतीय महासचिव इंजिनियर जी. के. वैष्णव द्वारा बताया कि बिजली कंपनियों की दोहरी नीति के कारण जूनियर इंजिनियर को 30-35 वर्ष की सेवा के बाद एक भी पदोन्नति नहीं दी जा रही है वहीं दूसरी ओर सहायक यंत्री अर्ती इंजिनियरों को चार पदोन्नति देकर कार्यपालन निर्देशक बनाया जा रहा है। अतः जूनियर इंजिनियरों की पदोन्नति हेतु नीति बनाई जाए। ऊर्जा विभाग द्वारा पदोन्नति हेतु नवीन आर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर में तथा रिक्त पदो पर शत-प्रतिशत कनिष्ठ मंत्री को पद्दौनत किया जाए। साथ ही बोर्ड कैडर के वरिष्ठ जैई को कार्यपालन यंत्री बनाया जाए। जूनियर इंजिनियरों के चतुर्थ वेतनमान की विसंगति दूर कर कंडिका 11 समाप्त की जाए।

वर्ष 2018 के पश्चात नियुक्त कनिष्ठ मंत्रियों को समान वेतनमान एवं ग्रेड पे 4100 किया जाए। कनिष्ठ यंत्री संविदा को नियमित किया जाने तथा पुलिस विभाग द्वारा धारा 304 संशोधित 100 के तहत नामजद एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगाई जाए। ऐसी गैर आर्थिक मांगों को लेकर इन्दौर उज्जैन संभाग के जूनियर इंजिनियरो ने पोलो ग्राउंड मुख्यालय इन्दौर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में देवास जिले के दर्जन भर से ज्यादा जूनियर इंजिनियर मौजूद रहे। जिनमें केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य विद्या चरण तिवारी, देवास वृत्त अध्यक्ष अतुल तिवारी,शिवराम पेंडकर, सचिव ललित धनेकर, बलराज शरण तिवारी, संजय साहू, धनंजय विश्वकर्मा, सह सचिव मंसूर अली, उदय सिंह कटारा, भरत भूषण पंवार, कोषाध्यक्ष सुधीर यादव, देवेन्द्र भातरी ने प्रदर्शन में भाग लिया।

### ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का जल लेकर आई कांवड़ यात्रा ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

# सावन सोमवार को बोल बम के जयकारों से गूंज उठा नगर





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मां नर्मदा नदी के तट ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का जल लेकर बाबा भवरनाथ कावड़ यात्रा के सदस्य पैदल 150 किलोमीटर की दूरी तय कर सोमवार को नगर में पहुंचे इसी कड़ी में नगर परिषद कार्यालय के सामने नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, बाबूलाल हेड़ा, भगवान सिंह कामदार, बाबूलाल डोडिया, यशवंत सिंह राजपूत, रमेश चंद हेड़ा, ओम पटेल, पार्षद भादर सिंह भाटिया, पार्षद सचिन यादव, पार्षद सुरेश मालवीय, डॉ. मोहन माली,अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत,विनोद नागर, मौसम माली आदि लोग मौजूद रहे। कावड़ यात्रा ने भौरासा फाटा से नगर में प्रवेश किया। यहां से बस स्टैंड, छोटा हनुमान चौक, एमजी रोड से होते हुए बड़ा हनुमान चौक, चौधरी मोहल्ला, माली मोहल्ले से टंकी चौराहे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बाबा भवर नाथ मंदिर प्रांगण कावड़ यात्रा पहुंची। जहां पर नगर परसाई मनोज जोशी व स्थानीय पुजारी चंद्रशेखर शर्मा एव बबुल शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ सभी कावड़ियों का भगवान मनकामेश्वर और बाबा भंवरनाथ महाराज का मां नर्मदा के जल से जलाभिषेक किया गया और बाबा से पूरे नगर व क्षेत्र में सुख समृद्धि और प्रगति हो ऐसी मनोकामना की। कावड़ यात्री प्रतिवर्ष नगर से बाबा भवरनाथ महाराज से आशीर्वाद लेने के बाद ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का पवित्र जल अपनी कावड़ में भरकर पैदल ही यहां तक यात्रा पूरी करते हैं। नगर व क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि के साथ अच्छी वर्षा हो, सभी लोग खुशहाल हो ऐसी कामना सभी कावड़ यात्रियों द्वारा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। सभी ने महाआरती व प्रसादी का आनंद लिया। उक्त जानकारी कावड़ यात्रा समिति के सदस्यो ने दी।

## जनजातीय विकास मंच के बेनर तले वीर रेंगा कोरकू जयंती का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

जनपद पंचायत सभागृह में जनजातीय विकास मंच के तत्वावधान में वीर रेंगा कोरकू जयंती उत्सव समारोह मनाया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता रूपसिंह नागर ने संबोधित करते हुए कहा की स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान सबसे पहले और महत्वपूर्ण रहा है। आज वर्तमान समय में युवाओं की जागरूकता और जनजातीय विकास मंच जैसे संगठनों की वजह से 100 से भी ज्यादा जनजातीय नायकों को समाज के सामने लाया गया और उनका जीवन परिचय आज समाज के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सोनल दरबार भी इंदौर से कार्यक्रम में उपस्थित हुई, उन्होंने शिक्षा को लेकर जागरूकता की बात कही। कार्यक्रम में नप. अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, एडवोकेट मुकेश वास्केल, राजेश बछानिया, राजेश कर्मा, गोविन्द कर्मा, रामेश्वर मोर्या, भगवान कासलीवाल, राकेश भार्गव, राजेश देवड़ा , सुरेश देवड़ा, विराम कुमारिया, सोनु जत्थाप, सरदार सोलंकी, सुरज बागवान सहित सर्व समाज उपस्थित रहा।

जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर पोस्ट नहीं वहीं कर दिए स्थानांतरण, संबंधितों को मिला हाईकोर्ट से स्टे

# नियम को ताक पर रख स्वास्थ्य विभाग में कर दिए गए ट्रांसफर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ

जिले के स्वास्थ्य विभाग में एक बार फिर भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोपों ने तूल पकड लिया है। विभाग के एक बाबू सहायक ग्रेड-2 द्वारा सीएमएचओ की अनुपस्थिती का फायद उठाते हुए कई कर्मचारियों के स्थानांतरण संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं पर अस्वीकृत पदों पर कर दिए गए। सीधे शब्दों में समझे तो जिस स्वास्थ्य केंद्र पर वह पद है ही नहीं वहां स्थानांतरण कर दिया गया। चूंकि अंतिम तारीखों में यह स्थानांतरण हुए है उस समय विभाग की मुखिया सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा का भी ट्रॉसफर हो चुका था। इसी का फायदा उठाते हुए बाबू दीपक विजयवर्गीय ने न सिर्फ नियमों की अनदेखी की बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खडें हो गए है। उल्लेखनीय है कि दीपक विजयवर्गीय पहले भी विवादों में रहे है।

सूत्रो की माने तो संबंधित बाबू ने अपने प्रभाव और पहुंच का इस्तेमाल करते हुए मनमाने तरीके से कुछ कर्मचारियों को उन पदों पर स्थानांतरित कर दिया जो पद संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध ही नहीं है।इसी का परिणाम है कि इस तरह स्थानांतरित किए गए सभी कर्मचारियों को हाईकोर्ट इंदौर से स्टे मिल गया है।

### सीएमएचओ के स्थानांतरण के चलते कलेक्टर के हस्ताक्षर से हुए ट्रांसफर

यह बात अतिगंभीर श्रेणी में आती है कि जब स्वास्थ्य विभाग की सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को ट्रॉसफर हो चुका था तो स्वास्थ्य विभाग के संबंधित कर्मचारियो के स्थानांतरण के लिए जिला कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के हस्ताक्षर हुए है। ऐसे में मामला और भी गंभीर हो जाता है कि क्या जिला कलेक्टर डॉ मिश्रा को स्वास्थ्य विभाग ने इस बात से अवगत कराया था। यह बडा सवाल है।

### इन कर्मचारियों को गलत स्थानांतरण के चलते हाईकोर्ट इंदौर से मिला स्टे

1 रेखा नापित सहायक ग्रेड-3, इनका स्थानांतरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर किया गया परंतु बिडम्बना यह कि 2024 को मंत्रालय द्वारा नवीन स्वीकृती ये माचलपुर में सहायक ग्रेड-3 का पद ही स्वीकृत नहीं है।
2 दिनेष पारीक सहायक ग्रेड-2,जीएनएमटीसी राजगढ से सिविल अस्पताल सारंगपुर स्थानांतरण कर दिया गया। यह पद भी नए आदेश के अनुसार सारंगपुर में स्वीकृत ही नहीं है।
3 रईस खान वाहन चालक,सीएमएचओ राजगढ से सिविल अस्पताल सारंगपुर स्थानांतरण कर दिया गया। जबकि सारंगपुर सिविल अस्पताल में यह पद सिर्फ आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ही स्वीकृत है।
4 अरूण भिलाला भृत्य- इनका स्थानांतरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेंर से संडावता किया गया है जबकि वहां पर 2024 की नीति के हिसाब से भृत्य का कोई पद ही स्वीकृत नहीं है।
5 संदीप झावा वार्डबॉय - इनको सीएमएचओ राजगढ से करेडी उपस्वास्थ्य केंद्र पर स्थानांतरित किया गया है परंतु बाबू दीपक विजयवर्गीय के खास होने के कारण आज दिनांक तक रिलीव ही नहीं किए गए है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक बाबू अपनी मनमर्जी से ही सीएमएचओ ऑफिस चला रहा है।

### इनका कहना है

यह मेरे कार्यकाल से पहले का मामला है और अब मामला कोर्ट चला गया है ।

डॉ शोभा पटेल,सीएमएचओ राजगढ़

आरोपियों को बिहार, दिल्ली, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान से गिरफ्तार कर लाई पुलिस

# लोगों का एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले 11 धराए

## जिले के चार थानाक्षेत्रों के एटीएम बूथों पर कार्ड बदलकर निकाले रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



एटीएम बूथ पहुंचने वाले बहुत से लोग अज्ञानता के चलते समीप खड़े व्यक्तियों से रुपए निकालने में मदद मांग लिया करते हैं। परन्तु बूथों के समीप ऐसे बदमाश भी खड़े रहते हैं तो इसी फिराक में रहते हैं कि कब किसे बेवकूफ बनाकर उसका कार्ड बदलते हुए राशि निकाल लेते हैं।

जिले के जीरापुर, पचोर, सारंगपुर थानाक्षेत्रों में चार अलग-अलग व्यक्तियों के साथ इसी तरह कार्ड बदलकर रुपयों की धोखाघड़ी कर ली गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए इन बदमाशों को पकड़ने पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने एक विशेष टीम गठित की। इस टीम द्वारा सीसीटीवी, मोबाइल लोकेशन टेसिंग, घटना में प्रयुक्त वाहनों के नंबरों सहित अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर एटीएम फ्रॉड करने वाले गिरोह के 12 बदमाशों को बिहार, दिल्ली, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान राज्यों से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के पास से दूसरे व्यक्तियों के अनेक एटीएम कार्ड, नकदी, पीओएस मशीन सहित अन्य उपकरण बरामद किए हैं। एसपी तोलानी ने रविवार दोपहर पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से जानकारी दी।

**एटीएम बदलकर रुपए निकालने की जिले में 4 घटनाएं**- 21 जुलाई को जीरापुर निवासी रामउग्रह पांडे का एटीएम कार्ड बदलकर बदमाश ने 85 हजार रुपए निकाल लिए थे। इसी तरह 10 जुलाई को पचोर निवासी सुखबीर सिंह भदौरिया का एटीएम बदलकर 40 हजार रुपए की धोखाघड़ी की गई। गत 28 जून को पचोर के ही रामगोपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि एटीएम बूथ के अंदर रुपए निकालने में मदद करने के नाम पर उनका कार्ड किसी ने बदलकर बाद में 35 हजार रुपए निकाल लिए। इसी तरह सारंगपुर के पुराना बस स्टैंड पर आयुष कुमार साहू का एटीएम कार्ड बदलकर उनके एटीएम से 16 हजार रुपए की धोखाघड़ी हुई थी।

**इन 12 आरोपियों ने दिया था घटनाओं को अंजाम**- धोखाघड़ी के उक्त चारों मामलों को अकरम उर्फ पप्पू पिता मोहम्मद अली, अमर खान पिता निसार खान, वसीम अहरम पिता जाकिर, शाहरुख पिता हारुन सर्व निवासी हरियाणा, जाकिर हुसैन निवासी सीकर, राजस्थान, वीरेंद्र गुर्जर जिला डींग राजस्थान, शराफत पिता शहाबुद्धीन जिला डींग राजस्थान, नासिर पिता दीन मोहम्मद, साउद पिता युसुफ रंगरेज जिला गाजियाबाद यूपी, आजाद पिता ताजुद्धीन जिला गाजियाबाद यूपी, आमिर पिता फैजुद्धीन जिला गाजियाबाद यूपी एवं नासिर पिता दीन मोहम्मद खान शामिल हैं।

**पौने 2 लाख नकदी, कार, मोबाइल सहित अन्य सामग्री जब्त**- गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 लाख 75 हजार के लगभग नकदी, 11 एटीएम कार्ड, दो लग्जरी कारें, पीओएस मशीन सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। सब मिलाकर कुल 20 लाख रुपए का माल आरोपियों के पास से जब्त किया गया है।

# पत्रकारों ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक शर्मा को सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़**। नगर के पत्रकारों द्वारा चिड़खिों अभ्यारण क्षेत्र में आयोजित बैठक के दौरान विधायक मोहन शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें पत्रकारों द्वारा सिटी डिस्पेंसरी को पत्रकार भवन हेतु आवंटित करने तथा 23, 24 मार्च को मुरैना में आयोजित मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार के सम्मेलन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्रकार सुरक्षा कानून मालवीय नगर में पत्रकार भवन जैसी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें श्रमजीवी पत्रकारो को पत्रकार भवन सौंपा जाने तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने उत्तर प्रदेश सरकार की तरह पत्रकारों के लिए निशुल्क बीमा योजना लागू करने सहित अनेक मांगो का ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर आज तक कोई विचार प्रदेश सरकार द्वारा नही किया गया है जिसको लेकर विधायक मोहन शर्मा से विधानसभा में इन मांगों पर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा द्वारा उपस्थित पत्रकारों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि नगर में पत्रकारों के लिए ही भवन की व्यवस्था की जाएगी व 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम मेरा एक डाकिए की तरह जिसको मैं पूरी जवाबदारी के साथ निभाऊंगा आपकी मांगे भी रखूंगा। वही मोहन शर्मा ने कहा कि 2 अगस्त को सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण हेतु बैठक का आयोजन किया जा रहा है। आप की उपस्थिति अनिवार्य है। यह कार्य 29 अगस्त से 4 अक्टूबर के बीच संपन्न होने जा रहा हे।

मंत्री टेटवाल ने किया पौधरोपण

# शा हाई स्कूल पांदा में निशुल्क साइकिल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न




**सारंगपुर**। शासकीय हाई स्कूल पांदा में मंगलवार को एक प्रेरणादायक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को निरूशुल्क साइकिल वितरण किया गया, साथ ही परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री टेटवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए विद्यालय की छात्राओं को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सौजन्य से 35 निरूशुल्क साइकिलें प्रदान कीं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। मंत्री टेटवाल ने इस मौके पर पौधा रोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दृ बेटियों को शिक्षा देना केवल उनका अधिकार नहीं, बल्कि सशक्त भारत की नींव है। यह पहल प्रदेश को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विनोद पाटीदार,गिरवर भंडारी,सरपंच दीप सिंह सोनगरा,रघुराज सिंह सोलंकी एसडीएम रोहित बम्होरे,तहसीलदार आकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

विश्व हिंदू परिषद ने सौंपा ज्ञापन, जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

# सारंगपुर उप-जेल परिसर में भजन के स्थान पर आपत्तिजनक गीत बजाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



सारंगपुर उप-जेल परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भजन की जगह आपत्तिजनक गीत बजाए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि यह घटना 25 जुलाई को घटित हुई, जब जेल परिसर के भीतर स्थित मंदिर में नियमित भजन-कीर्तन की व्यवस्था की जाती है, लेकिन उस दिन आपत्तिजनक गीत बजाए गए। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और वातावरण अशांत हुआ। परिषद का कहना है कि यह गंभीर लापरवाही है, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है।

### विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है

उप-जेल परिसर में घटी इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए जेल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए जाएं। एवं जेल परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं साथ ही संगठन ने चेताया कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन से आग्रह किया गया कि हिंदू समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए दोषियों को दंडित किया जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो, इसकी गारंटी सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद,अभिषेक गिरजे,अभिनंदन पाटीदार,इंदर चावलकार,जितेंद्र त्रिकार,कैलाश सोलंकी,शुभम राठौर,राहुल सेन,तुषार चैहान,सोनू पंवार सहित बजरंगदल कार्यकर्ता मौजूद थे संबंधित को नोटिस दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी। विकास जैन उप जेल जेलर सारंगपुर।

# नगर से खामखेड़ा बालाजी के दर्शन को निकले नंगे पैर निशान के साथ पांच सौ महिलाओं समेत बच्चे और पुरुष

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

रविवार को नगर के परलापुरा से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नंगे पैर निशान के साथ खामखेड़ा बालाजी दर्शन करने के लिए आज प्रस्थान किया आज सुबह से सभी बड़े उत्साह के साथ खेड़ा पति मंदिर पर एकत्रित होने लगे जो सभी एकत्रित होकर ग्यारह बजे परलापुरा के खेड़ापति मंदिर से झंडा उठा कर प्रदीप सिंह परमार न मोहन लोधी के द्वारा दो झंडे हाथों में लेकर इस भक्तों को डीजे की धुन पर नगर से निकले यहां लोगों ने डीजे पर नाचते हुए सदर बाजार गांधी चैक बस



स्टैंड होते हुए खाम खेड़ा के लिए निकले जो मंगल बार को खाम खेड़ा पहुंच कर बालाजी के दर्शन करेंगे यहां पिछले दस सालों से महिलाएं पुरुष लगातार पैदल चल कर जाते हैं यहां इनका ग्यारह साल जा रहे हैं हर साल लोगों के आस्था का केंद्र खामखेड़ा बालाजी के दर्शन को संख्या बढ़ती हे जा रही है इस साल महिलाओं पुरुष बालक बालिकाओं सभी कुल पांच सौ से अधिक हे ये डीजे पर नाचते हुएं उत्साह पूर्वक देखा जा रहा है।

# कड़िया नाला पुल पर पानी भरने से आवागमन हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

पचोर-सोयत हाइवे पर कड़यिा नाला के बीच बन रहे पुल पर पानी भर जाने से खुजनेर पचोर मार्ग पूरी तरह बाधित हुआ रविवार सुबह से तेज बारिश का दौर जारी रहा कई नदी नाले उफान पर रहे पचोर सोयत मार्ग पर कड़यिा नाला के यह बन रहे पुल का काम धीमी गति व समय पर पूर्ण नहीं होने से पचोर खुजनेर मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ा खुजनेर से पचोर की ओर जाने वाले लोगों को बाबल्दा सुल्तानिया उदनखेड़ी होते हुए पचोर जाना पड़ा वही संडावता में पचोर सोयत निर्माणाधीन मार्ग की साइड में डंपर का पहिया धसने से मुरम से भरा डंपर।



# ग्रामीणों ने किया बंदर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार



**सारंगपुर**। समीप ग्राम बिलोदा पाल में रविवार को एक अद्भुत और मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब एक बंदर की मृत्यु होने पर गांववासियों ने उसे सनातन परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार दिया। ग्रामीणों के अनुसार, यह बंदर कई दिनों से गांव में रह रहा था । रविवार को अचानक उसकी मृत्यु हो जाने पर पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों ने इसे सिर्फ एक जानवर नहीं, बल्कि हनुमानजी का प्रतीक मानते हुए पूरे श्रद्धा भाव से उसका अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार की रस्में विधिपूर्वक संपन्न की गईं जिसमें फूल, गंगाजल, अगरबत्ती आदि का प्रयोग किया गया। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर चिता तैयार की और पवित्र मंत्रों के साथ बंदर को मुखाग्नि दी। इस दौरान रामकृष्ण पाल,बृजेश पाल,शिवराज पाल,मनोज माखन,गोपाल अभिषेक देवकरण पाल,अरुण कमल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और मौन रखकर अंतिम विदाई दी। गांव के सरपंच दिनेश पाल ने कहा, ष्हमारे शास्त्रों में हर प्राणी में भगवान का अंश माना गया है। यह बंदर हमारे लिए सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि देवस्वरूप था।ष् यह दृश्य सभी के लिए भावुक कर देने वाला था और यह घटना प्रकृति एवं पशु प्रेम की मिसाल बन गई।

झीलकुआं शिवालय से निकली कांवड़ यात्रा, भक्ति से सराबोर दिखीं महिलाएं

# कांवड़ यात्रा में गूंजे 'बम बम भोले' के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सावन माह में आस्था की बयार एक बार फिर झील कुआं हनुमान मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा के रूप में बही। रविवार को वार्ड 9 स्थित शिवालय से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भोलेनाथ के जयकारों के साथ कांवड़ यात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी के बड़वाले घाट से जल भरकर झील कुआं मंदिर लौटकर शिवलिंग पर अभिषेक किया।

दोपहर 12 बजे पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते भर महिलाएं नृत्य करती रहीं और बोल बम के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। एक घंटे की पदयात्रा के बाद सभी श्रद्धालु बड़वाले घाट पहुंचे, जहां मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा की गई और सामूहिक आरती के साथ जयघोष किए गए। इसके उपरांत महिलाओं ने अपनी-अपनी कांवड़ में पवित्र जल भरा और फिर शिवालय की ओर लौट चलीं।



मंदिर पहुंचकर सभी ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया, बेलपत्र अर्पित किए और भव्य आरती में भाग लिया। आरती के पश्चात प्रसादी वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी सम्मिलित हुए। झील कुआं मंदिर आयोजन समिति अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाह और मंदिर के पुजारी राजू महाराज ने बताया कि बीते पांच वर्षों से यह कांवड़ यात्रा सावन माह में आयोजित की जा रही है। कावड़ यात्रा में पुरुषोत्तम महाराज, पूर्व पार्षद सुरेश मालवीय, अमित सोनी, हेमराज कुशवाह, सतीश रैकवार, संतोष मेहर, प्रहलाद रैकवार, संतोष कुशवाह, प्रकाश, शुभम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

मुक्तिधाम समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित

# नेवज मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

काशीपुरा क्षेत्र स्थित नेवज मुक्तिधाम के चारों ओर बाउन्ड्रीवाल निर्माण के लिए रविवार को भूमिपूजन उपरान्त कार्य आरंभ करवा दिया गया। यह बाउन्ड्रीवाल समिति के पास जनसहयोग से एकत्रित राशि से बनवाई जा रही है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि मुक्तिधाम के समीप लगातार मिट्टी का कटाव हो रहा है। इसको रोकने ट्रीट-वे वॉल सहित श्रद्धांजलि हेतु एक सामुदायिक हॉल का निर्माण भी करवाया जाना है। उक्त दोनों कार्यों हेतु क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, विधायक अमरसिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर के सेवाभावी दानदाताओं से सहयोग की अपेक्षा समिति द्वारा की गई है।

**समिति की नवीन कार्यकारिणी भी गठित**- नेवज मुक्तिधाम समिति की नवीन कार्यकारिणी भी सर्वसम्मति से गठित की गई है। इस समिति में नपाध्यक्ष विनोद साहू संरक्षक, के.सी. कोसरवाल संरक्षक एवं राजेंद्र पुष्पद को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही महेश पुष्पद समिति के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष, श्याम सुंदर पिपलोटिया सहायक कोषाध्यक्ष, सुरेश गवली, हेमराज पुष्पद, गजराज चैहान एवं दारासिंह जाट उपाध्यक्ष, घनश्याम सोनी सचिव, जीतेंद्र पुष्पद सह-सचिव, श्रीनाथ साहू, राजेश नायक एवं मोहित साहू को शांतिवन रक्षक बनाया गया है। बंशीलाल पिपलोटिया, महेंद्र सिंह राठौर, जीतेंद्र परिहार, संजू धनगर, केदार मेवाड़े, राहुल गवली, संतोष राणा सहित अन्य शामिल हैं।